हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, गुरूवार, 21 अगस्त 2025
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

### स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय मालखरौदा का मामला

# शिक्षकों की कमी को लेकर छात्र छात्राओं ने स्कूल में जड़ा ताला

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मालखरौदा के छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों की मांग को लेकर मोर्चा खोल दिया। उन्होंने स्कूल के मुख्य गेट पर ताला जड़ दिया और सभी सड़क पर बैठ गए। खबर मिलते ही पुलिस व प्रशासन के साथ शिक्षा विभाग के अधिकारी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बच्चों को समझाइश दी और शीघ्र शिक्षकों की व्यवस्था करने का आश्वासन दिया। तब जाकर मामला शांत हुआ।



स्कूल के सामने विरोध प्रदर्शन करते स्कूली छात्राएं।

गौरतलब है कि स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय मालखरौदा में 2022 से हिंदी माध्यम में शिक्षकों की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। यहां हिंदी मध्यम स्कूल के यू डाइस कोड में अंग्रेजी माध्यम का संचालन किया जा रहा है। इस बीच हिंदी मध्यम स्कूल में शिक्षकों कीव्यवस्था किये जाने की मांग लगातार हो रही है। इसी मांग को लेकर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को पिछले दिनों ज्ञापन सौपा गया था, लेकिन उस पर ध्यान नहीं दिया गया। ऐसे में बुधवार 20 अगस्त को सुबह 7 बजे से ही स्कूल के छात्र-छात्राओं ने गेट पर ताला लगाकर स्कूल के बाहर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस दौरान स्कूल आने वाले शिक्षक और बच्चों को भी बाहर ही रोक दिया गया नाराज छात्र-छात्र और अभिभावक नारेबाजी करते रहे। स्कूल के द्वार पर काला जड़कर प्रदर्शन करने की सूचना पर पुलिस के साथ प्रशासनिक अमला पहुंचा वही सक्ती से जिला शिक्षा अधिकारी भी पहुंची। मौके पर पहुंचे अफसरों ने छात्र-छात्राओं और जनप्रतिनिधियों से बात की। इस दौरान उन्होंने सप्ताह भर के भीतर हिंदी मध्य विद्यालय में शिक्षकों की व्यवस्था करने का आश्वासन दिया। इसके उपरांत दोपहर 1 बजे के मामला शांत हुआ। इसके बाद दूसरी पाली में लगने वाले अंग्रेजी माध्यम के बच्चे स्कूल जा सके। इधर बच्चों के स्कूल के मुख्य द्वार पर ताला जड़कर सड़क पर बैठने से आवागमन भी दोपहर 1 बजे तक अवरुद्ध रहा। इधर स्कूल के सामने हो हंगामा होता रहा।

### 109 बच्चों की पढ़ाई प्रभावित

वर्ष 2022 से स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल खुला है, तब से हिंदी माध्यम स्कूल में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं की परेशानी बढ़ गई है। बताया जाता है कि जिस यू डाइस पर हिंदी माध्यम स्कूल चलता था, इस यू डाइस पर वर्तमान में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल चल रहा है, जिसके चलते हिंदी माध्यम स्कूल का सेटअप बिगड़ गया है। वर्तमान में 109 छात्र छात्राएं हिंदी माध्यम स्कूल में पढ़ रहे हैं, जिनके लिए मात्र दो शिक्षक पदस्थ हैं, जिसके चलते नवी से 12वीं तक के बच्चों का पढ़ाई बुरी तरीके से प्रभावित हो रही है।

### शिक्षा सत्र आरंभ होते ही जनप्रतिनिधियों ने सौंपा था ज्ञापन


स्कूल खुलने के साथ ही ग्राम की सरपंच सावित्री रंजीत अधिकारी तथा जनपद सदस्य कुमार जितेंद्र बहादुर सिंह ने शिक्षकों की मांग को लेकर कलेक्टर से लेकर जिला शिक्षा अधिकारी तक को ज्ञापन सौंपा गया था। बावजूद किसी ने ध्यान नहीं दिया। इसी का परिणाम था कि बच्चों को आंदोलन के लिए सड़क पर उतरना पड़ा। जिसकी वजह से सप्ताह भर के भीतर हिन्दी माध्यमिक विद्यालय में शिक्षकों की व्यवस्था करने का आश्वासन दिया, लेकिन इसके बाद भी व्यवस्था नहीं बनने पर छात्राओं ने आंदोलन किया।











# हरिभूमि द्वारा विश्व महिला दिवस के अवसर पर आयोजित
# सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के परिणाम

## प्रथम पुरस्कार



सोने की अंगूठी



**भारती दुबे**

## द्वितीय पुरस्कार



मिक्सर ग्राइंडर



**गुलापा बाई**

## तृतीय पुरस्कार



डिनर सेट



**आशा दुबे**

## चतुर्थ पुरस्कार



इलेक्ट्रिक आयरन



**नीतु रानी पाल**

## विशेष पुरस्कार के विजेताओं के नाम



योगिता | मनोरमा कौशिक | प्रियंका पाण्डेय | नितु कुमारी | बर्षा मोहंती

## सांत्वना पुरस्कार के विजेताओं के नाम

### जांजगीर जिला



प्रीति स्वर्णकार | भारती नामदेव | प्रीति यादव | चन्द्रकला राव | रूचिका सोनी
डा. अलिजा खुटे | सरोजनी साहू | सृष्टि साहू | कामीनी सोनी | प्रांची तिवारी

### रायगढ़ जिला



हेमा साहू | रानू राय | सुनीता देवी अग्रवाल | प्रांची देवांगन | शिवानी गुप्ता
अर्चना अग्रवाल | शोभा ठाकुर | उर्मिला ठाकुर | शिप्रा चतुर्वेदी | नीलम विश्वकर्मा

### कोरबा जिला



बबीता साहू | रीतू जायसवाल | नेहा तिवारी | आरती सिंह राजपूत | प्रिया साहू | ओजस्वी सपहा | गीता यादव | शीतल साहू | खुशी अग्रवाल | रोशनी सूर्यवंशी

### सरगुजा जिला



सावित्री पाण्डेय | नीतू रेलवानी | सविता श्रीवास्तव | रंजू मेहता | राशी गुप्ता
ममता मिश्रा | मेहरून नीशा | नम्रता गोयल | संस्कृति श्रीवास्तव | पूनम यादव

### कोरिया जिला



कविता कुमार | सुमन भारती | नमीता बंसरिया | मीरा देवी | रीना कश्यप
जसीना खातुन | सुनीता देवी | प्रीति सिंह | नाजनीन खान | तसकीन खान

**पुरस्कार वितरण की सूचना अतिशीघ्र दी जाएगी पढ़ते रहिए हरिभूमि ...**

## खबर संक्षेप

### तीन लाख रुपए की लागत से बनेगा सीसी रोड, हुआ भूमिपूजन



**बहेराडीह।** बहेराडीह गांव के बहेरा पारा मोहल्ला में सीसी मार्ग निर्माण के मांग पर जनपद सदस्य चुड़ामणि राठौर ने अपने जनपद निधि से 3 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान किया है। जिससे ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त किया है। बलौदा ब्लॉक के अंतिम पूर्वी छोर में स्थित जाटा पंचायत के आश्रित ग्राम बहेराडीह में ग्रामीणों के मांग पर सिवनी के जनपद सदस्य चुड़ामणि राठौर ने अपने जनपद निधि से 3 लाख रूपये बहेरा पारा में सीसी मार्ग निर्माण हेतू स्वीकृति प्रदान किया। स्वीकृति के तत्काल बाद जनपद सदस्य चुड़ामणि राठौर ने भूमिपूजन किया। इस मौके पर जनपद सदस्य श्री राठौर ने गाँव के विकास के लिए हर संभव मदद करने का आश्वासन ग्रामीणों को दिया। इस अवसर पर सरपंच चंदा सरवन कश्यप समेत भागवत देवांगन,दीनदयाल यादव,गौरीशंकर यादव, सरवन कश्यप और ग्रामीण उपस्थित थे।

### प्रथम प्रयास में ही नीट पीजी में पावेल का चयन

**पामगढ़।** समीपस्थ ग्राम चंडीपारा उरैहा निवासी प्राचार्य रमेश भार्गव और शिक्षिका मंजुलता भार्गव के सुपुत्र डॉ पावेल भार्गव का चयन नीट पीजी में हुआ। डॉ पावेल भार्गव ने प्रथम प्रयास में ही आल इंडिया रैंकिंग 7470 हासिल किया। पावेल ने एमबीबीएस प. जवाहरलाल नेहरू स्मृति मेडिकल कॉलेज रायपुर से किया है। डॉ पावेल में अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनो को दिया है। इस उपलब्धि पर परिवारजनो और क्षेत्र में हर्ष है।



### श्याम भक्तों ने पंचदेव मंदिर से निकाली निशान यात्रा



**अकलतरा।** एकादशी के अवसर पर श्याम भक्तों द्वारा पंचदेव मंदिर से बाजे गाजे के साथ निशान यात्रा निकाली गई। निशान यात्रा को श्याम मनोहर मंदिर पहुंचकर श्याम बाबा को अर्पित किया। अजा एकादशी व्रत के अवसर पर मंगलवर 19 अगस्त को पंचदेव मंदिर से सुबह 6 बजे श्याम प्रेमीयों द्वारा बाबा का 61 निशान यात्रा बाजे गाजे के साथ निकाली गई। निशान यात्रा श्री श्याम मनोहर मंदिर पहुंचकर बाबा श्री श्याम के चरणों में अर्पित कर आर्शीवाद प्राप्त किया।

### हज यात्रा के लिए पहली किस्त जमा करने की बढ़ाई गई अंतिम तारीख

**अकलतरा।** हज यात्रा 2026 के लिए चयन किए गए हज यात्रियों को पहली किस्त जमा करने की अंतिम तारीख आगे बढ़ाई गई है । छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के चेयरमैन मोहम्मद इमरान एवं पूर्व चेयरमेन एवं सदस्य मोहम्मद असलम खान ने बताया कि हज कमेटी ऑफ़ इंडिया मुंबई के सर्कुलर 9 से प्राप्त सूचना अनुसार हज 2026 हेतु चयनित आवेदकों द्वारा यात्रा की पहली किश्त 1,52,300 जमा करने की अंतिम तिथि को आगे बढ़ा कर अब 25 अगस्त एवं जमा राशि की पेय स्लिप, मेडिकल सर्टिफिकेट, हज आवेदन फॉर्म मय सहपत्र, अपलोड जमा करने की अंतिम तिथि को आगे बढ़ा कर 30 अगस्त निर्धारित किया गया है। राज्य के चयनित हज यात्री अब उपरोक्तानुसार दिनांकों में यात्रा की पहली किश्त व दस्तावेज अपलोड/ जमा कर सकते है। उन्होंने बताया की विगत वर्ष तक हाजियों को यात्रा के इन दस्तावेज़ों को जमा करने के लिए रायपुर मुख्यालय आना होता था, अब हज यात्रियों को ऑनलाइन माध्यम से अपने दस्तावेज़ जमा करने की सुविधा उपलब्ध कराइ गयी है।

लंबे समय से अवैध रुप से संचालन की मिल रही थी जानकारी

# अधिकारियों ने दी दबिश, क्लीनिक मेडिकल दुकान को किया सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

बिर्रा में अधिकारियों की टीम ने दबिश देकर अवैध रुप से संचालित क्लीनिक एवं मेडिकल दुकान पर कार्रवाई करते हुए सील किया गया है। कार्रवाई के दौरान तहसीलदार, बीएमओ एवं औषधि विभाग के निरीक्षकों की टीम मुस्तैद रही।

गौरतलब है कि बिर्रा क्षेत्र में लंबे समय से झोलाछाप डॉक्टरों द्वारा क्लीनिक का संचालन कर लोगों के जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा था। इस बात की सूचना स्वास्थ्य विभाग के अधिकरियों को मिल थी। इसी कड़ी में बुधवार 20 अगस्त को बम्हनीडीह तहसीलदार अविनाश चौहान, बीएमओ अजाम्बर सिंह, औषधि निरीक्षक नेहा मिंज सहित अन्य अधिकारियों की टीम द्वारा अवैध रुप से संचालित क्लीनिक व मेडिकल संस्थान पर कार्रवाई करते हुए उसे सील किया गया है। उल्लेखनीय है कि बम्हनीडीह ब्लॉक अंतर्गत आने वाले बिर्रा गांव में स्वास्थ्य विभाग के नजरों में धुल झोंकते हुए झोलाछाप डॉक्टर के द्वारा श्रीराम क्लीनिक का संचालन किया जा रहा था। साथ ही पास में आयुष मेडिकल भी संचालित हो रहा था। इन दोनों संस्थानों पर कार्रवाई करते हुए उक्त संस्थानों को सील करने की कार्रवाई की गई है। वर्षों से चल रही इस क्लिनिक में इलाज के नाम पर मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़ किया जा रहा था। गांव के लोगों के अनुसार यह झोलाछाप डॉक्टर न केवल सामान्य बीमारियों का इलाज करता है, बल्कि ग्लूकोज़ की बोतल चढ़ाने से लेकर ऑपरेशन तक की व्यवस्था अपने क्लिनिक में करता था। बिना किसी मान्यता और मेडिकल डिग्री के इलाज करने वाला डॉक्टर लगातार मरीजों की जान जोखिम में डाल रहा था। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस क्लिनिक की जानकारी स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन को कई बार दी गई थी, लेकिन कार्रवाई नहीं होने से उसके हौसले बुलंद हो गए थे। इस संबंध में विकासखंड चिकित्सा अधिकारी बम्हनीडीह आजमबर सिंह सिसोदिया का कहना है कि नर्सिंग होम एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए श्री राम क्लिनिक को सील किया गया है। इसके अलावा आयुष मेडिकल हसौद रोड बिर्रा को भी अवैध संचालन के चलते सील किया गया है।



कार्रवाई करने पहुंचे अफसर।



पुल पर खड़ी बाइक एवं इंसेट में युवक कौशल श्रीवास।

## पुल पर मिली बाइक, शिवनाथ नदी में दिनभर चली युवक की तलाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़-तनौद

जांजगीर-चापा और बलौदा बाजार जिले की सीमा में शिवनाथ नदी पुल पर एक युवक की बाइक चालू हालत में मिली, वहीं युवक का एक टूटा हुआ मोबाइल और जूता पड़ा हुआ था, जबकि आसपास कहीं युवक का पता नहीं था। ऐसे में युवक के नदी में गिरने की आशंका को लेकर स्थानीय लोगों के साथ पुलिस टीम दिनभर शिवनाथ नदी में तलाश करती रही, लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चल सका।

इस संबंध में ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार 19 अगस्त की रात्रि करीब 9 बजे पामगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम कमरीद के सरपंच को सूचना मिली कि कामरीद और पैसर के बीच शिवनाथ नदी पुल पर एक मोटरसाइकिल चालू हालत में खड़ी हुई है, वहां पर मोबाइल और एक जूता पड़ा हुआ है। ऐसे में अनुमान है कि बाइक चालक कोई नदी में गिरा होगा। इस पर कमरीद सरपंच घासीराम चौहान अपने साथियों के साथ तत्काल मौके पर पहुंचा और उसने इसकी सूचना पामगढ़ थाना प्रभारी को दी। जिस पर पुलिस टीम भी कुछ देर में वहां पहुंच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मोबाइल में डायल नंबर पर कॉल किया तो तनौद निवासी तिलक श्रीवास के घर में फोन लगा।

पूछने पर पता चला कि उसका बेटा कौशल श्रीवास शाम करीब 7:00 बजे मोटरसाइकिल लेकर लवन की ओर जाने निकला था। जानकारी मिलते ही परिजन और ग्रामीण वहां पर पहुंचे और आसपास में तलाश की, परिजनों से भी पूछताछ की गई। बताया जाता है कि अब गोताखोरों को बुलाया गया है, जो गुरुवार 21 अगस्त को सुबह पहुंचेगी। इस संबंध में पामगढ़ एसडीएम देवेन्द्र चौधरी का कहना है कि कमरीद और पैसर के बीच शिवनाथ नदी पुल पर युवक की बाइक व टूटा मोबाइल तथा जूता मिला है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## अंधत्व निवारण कार्यक्रम के तहत 210 विद्यार्थियों के आंखों का हुआ परीक्षण



**अकलतरा।** अंधत्व निवारण कार्यक्रम के तहत विकासखंड अकलतरा के कटघरी सेक्टर के विभिन्न मिडिल स्कूल में 210 छात्र-छात्राओं का नेत्र परीक्षण किया गया है। कार्यक्रम में आज पूर्व माध्यमिक शाला सोनडीह ,चंदनिया पीपरदा व पड़रिया के छात्रों का नेत्र परीक्षण स्वास्थ्य विभाग के नेत्र सहायक अधिकारी प्रीतेश सिंह चंदेल द्वारा नेत्र परीक्षण किया गया परीक्षण के पश्चात 2 बच्चो को आँखों मे तिरछापन वह अन्य बच्चों को दूर दृष्टि की बीमारी पाई गई है। कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत सदस्य महादेव नेताम द्वारा निशुल्क चश्मा वितरण स्कूल के छात्र अरुण मौवार हेमा मौवार को दी गई। अन्य छात्र छात्रों की सूची जिला कार्यालय को दी जाएगी चश्मा प्राप्त होने के पश्चात अन्य स्कूलों के छात्राओं को निशुल्क चश्मा वितरण की जाएगी

## खेल भावना से खेलते हुए बेहतर प्रदर्शन करें खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा



जिला स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती दीप्ति सारथी के मुख्य आतिथ्य उपाध्यक्ष दिवाकर सिंह राणा के अध्यक्षता एवं रोहित सारथी पूर्व पार्षद गजेन्द्र सिंह चौहान ,आशीष मिश्रा के विशिष्ट आतिथ्य में नगर के पंडित दीनदयाल स्टेडियम में किया गया।

■ जिला स्तरीय शालेय बैडमिंटन एवं टेबल टेनिस प्रतियोगिता में अकलतरा के खिलाड़ियों ने मारी बाजी

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समस्त अतिथियों के द्वारा प्रतियोगिता में सहभागिता लेने आए खिलाड़ियों को अपना आशीर्वचन देते हुए खेल भावना से खेलते हुए अपना सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन करने की बात कही। प्रतियोगिता में बैडमिंटन बालक वर्ग 14 , 17 19 वर्ष एवं टेबल टेनिस बालक एवं बालिका 14,17 व 19 वर्ष के खिलाड़ी सम्मिलित हुए। प्रतियोगिता के बैडमिंटन बालक 14 वर्ष में अकलतरा विजेता , बम्हनीनडीह उपविजेता , नवागढ़ तृतीय स्थान ,17 वर्ष में अकलतरा विजेता, बम्हनीनडीह उपविजेता , नवागढ़ तृतीय, 19 वर्ष में भी अकलतरा विजेता, बम्हनीनडीह उपविजेता , नवागढ़ तृतीय स्थान पर रहे। इसी प्रकारटेबल टेनिस में तीनों वर्ग अकलतरा विजेता , बम्हनीनडीह उपविजेता रही। जिला स्तरीय सेल क्रीडा प्रतियोगिता के संचालन में विकासखंड क्रीड़ा अधिकारी संजय कुमार यादव , व्यायाम शिक्षक रामकृष्ण परमहंस तिवारी, शालिनी कश्यप सेजस जांजगीर, संदीप सिंह बैस,राकेश राजपूत, महंत अमोरा , गौरव कटकवार बम्हनीनडीह का योगदान रहा।

## रामलला दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का दल रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती



श्री रामलला दर्शन योजन के अंतर्गत जिले से 37 श्रद्धालुओं का दल अयोध्या धाम के लिए रवाना हुआ। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल पर प्रारंभ की गई "श्री रामलला दर्शन (अयोध्याधाम) योजना" के अंतर्गत प्रदेश के श्रद्धालुओं को निःशुल्क अयोध्या धाम में प्रभु श्री रामलला के दर्शन का अवसर प्रदान किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत विशेष ट्रेन द्वारा प्रत्येक जिले से चयनित श्रद्धालुओं को सुविधाजनक यात्रा कराई जा रही है। इसी क्रम में बुधवार 20 अगस्त को सक्ती जिले से 37 श्रद्धालुओं के दल को कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की उपस्थिति में श्रद्धालुओं को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। श्रद्धालुओं ने इस विशेष अवसर के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि इस योजना से उनका प्रभु श्री राम के दर्शन का आजीवन सपना साकार हो रहा है। इस अवसर पर जिले के जनप्रतिनिधिगण, सासंद प्रतिनिधि संजय रामचंद्र, अधिकारी-कर्मचारी एवं श्रीराम के दर्शन के लिए जाने वाले सभी श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## सेमरिया में संकुल स्तरीय सामाजिक अंकेक्षण संबंधी प्रशिक्षण



**बिर्रा।** शासकीय आर के के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमरिया में प्रभारी प्राचार्य रमेश मेहरा व शैक्षिक समन्वयक विश्वनाथ कश्यप ने शासन की महती योजना जैसे- सामाजिक अंकेक्षण,विद्यालय अंतर्गत एसएमसी सदस्यों के बीच संकलन प्रपत्र को भरना, समावेशी शिक्षा, छात्र प्रोफाइल में लर्निंग डिसेबिलिटी को विशेष रुप से ध्यान देकर भरना, एफएलएन प्रशिक्षण, सुध्धर पढ़ोइया के अंतर्गत विद्यालय पोर्टल में चैलेंज, लर्निंग आउटकम पर विशेष ध्यान देने व निक्लर ऐप का उपयोग कर आकलन करना, टेलीग्राम ग्रुप में समस्त संकुल प्राचार्य व्याख्याता सीएससी शिक्षक-शिक्षिकाओं की सहभागिता करना एवं प्रिंटरिच समस्त प्राथमिक-माध्यमिक शालाओं का अंकित कराना, शिक्षकों का सतत क्षमता विकास करना, अंगना में शिक्षा कार्यक्रम, मिशन एलओसी शाला संकुल योजना का अध्ययन कर उन्हें अपने विकासखंड में लागू कराना, जादुई पिटारा,छात्राओं को हेल्प नंबर व प्रोफेशनल लर्निंग कम्युनिटी को सक्रिय कर उन के माध्यम से शिक्षकों का सतत क्षमता विकास करना,एफएलएन के लिए मेंटर मेंटी का गठन कर सक्रिय करना और चर्चा पत्र के आधार पर संकुल में चर्चा पत्र के उल्लेखित बातों को लागू कराना सिखाया गया। प्रशिक्षण में उमेश कुमार दुबे, एकादशियां मांझी, चंद्रजीत पीटर, सीताराम दुबे,भुवन कश्यप, संतोष चंद्रा, चमेली पटेल उपस्थित थे।







